# नवजात के शवों को नोंच रहे कुत्ते

**खास बातें**

- शवों को दफनाने के लिए नहीं माकूल इंतजाम
- एक हफ्ते में तीसरा मामला आया सामने



**नवभारत न्यूज**

विदिशा 17 फरवरी, शहर के अलग अलग इलाकों से नवजात बच्चों के शवों के मिलने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं.ऐसा ही एक मामला मंगलवार को स्वामी विवेकानंद चौराहे से सामने आया जब एक कुत्ता नवजात बच्चे का शव कहीं से खींच लाया और उसे नोंच रहा था. उसके बाद कुत्तों का झुंड एकत्रित हो गया और वह भी शव को नोंचने लगे. इस दर्दनाक दृश्य को देखकर जिम्मेदार लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों को फोन लगाया लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने फोन नहीं उठाया. मामला वाट्सऐप ग्रुप से होता हुआ नगर पालिका अधिकारियों के पास जा पहुंचा जिसके बाद नपा की टीम मौके पर पहुंची और शव को विधिवत दफनाया गया.

इसके पहले भी कई नवजात बच्चों के शव खुले मैदान में मिलने के मामले सामने आते रहे हैं. हाल ही में सुआखेड़ी और मेडीकल कॉलेज के पीछे भी नवजात बच्चों के शव मिल चुके हैं. गौरतलब है कि नवजात बच्चों के शव को दफनाने के लिये कोई जगह अब तक तय नहीं की गयी है जिसके चलते अस्पताल ओर मेडीकल कॉलेज में मृत होने वाले बच्चों को पटरियों किनारे दफना दिया जाता है. जहां पर कुत्ते उनकी कब्र को खोदकर शवों को नोंचकर सड़क पर ले आते हैं.

### यहां भी कुत्ते खोद लाते हैं कब्र

इसी तरह शमशान घाट के नजदीक खाली पड़ी जमीन पर लावारिश लाशों को दफनाया जाता है. कई बार शवों को दफनाने के लिये गढ्डों की गहराई कम होती है और आदमखोर कुत्ते शव के टुकड़े खींचकर सड़क पर ले आते हैं.बच्चों के शवों को दफनाने के लिये अभी तक एकक ठीक ठाक जगह तय नहीं की गयी है.वहीं कई बार लोग मृत बच्चों के शवों को पटरियों किनारे या फिर नदी नालों किनारे भी फेंक कर चले जाते हैं. मंगलवार को जो शव मिला.उसकी सूचना देने के लिये स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ को फोन लगाया गया.वहीं सिविल सर्जन को भी फोन लगाया.जिन्होंने फोन रिसीव नहीं किया. आखिर में पुलिस और नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची.

## सब्जी मंडी के कारोबारियों ने जताया विरोध, सब्जी मंडी होगी बंद

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 17 फरवरी, सब्जी मंडी के कारोबारियों को फुटबॉल बना रखा है.कभी कभी नवीन बस स्टैंड तो कभी मिल रोड एवं पुरानी कृषि उपज मंडी मुख्य मार्ग पर बिठा दिया जाता है.जनपद पंचायत के निकट सब्जी मंडी की दुकानों का निर्माण किया गया था. दुकानों को नीलाम भी किया गया था. इसके बाद वहां सब्जी मंडी नहीं पहुंची और जर्जर दुकाने गिरने लगी. कई दुकानों के लश्कर गायब है.इसके बाद कहा गया की पचमा रोड पर सब्जी मंडी का निर्माण किया जा रहा है.वहां भी निर्माण नहीं हुआ.थोक एवं फुटकर फल सब्जी विक्रेता बहुत परेशान है.वर्षों से उनको फुटबॉल की तरह इधर से उधर किक मारी जा रही है.पूरा बाजार सब्जी बाजार नजर आता है.**

सड़क किनारे सब्जी वाले असुरक्षित स्थिति में कारोबार करते हैं.कभी भी वाहन चालक उनको टक्कर मार कर चले जाते हैं.सब्जी वाले असुरक्षित हैं जबकि जगह की कोई कमी नहीं है.इन सब्जी वालों को पुराने बस स्टैंड पर बैठाया जा सकता है.जगह ही जगह खाली पड़ी है और यह क्षेत्र मध्य में भी आता है.लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी.पुरानी बस स्टैंड से लेकर क्लब पार्क तक दुकानदार बैठ सकेंगे.पुराना कांजी हाउस भी टूट चुका है वहां भी जगह खाली पड़ी हुई है और लोग अतिक्रमण कर रहे हैं.पाराशरी नदी के निकट क्वार्टरों के पास भी खाली प्रांगण पड़ा है.पुलिस उसका कोई उपयोग नहीं कर रही है.वहां भी सब्जी मार्केट जा सकता है.आज सभी सब्जी कारोबारी फल वालों ने नगर पालिका परिषद पहुंचकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन दिया और कहा कि हमें वर्षों से परेशान किया जा रहा है कभी यहां कभी वहां तमाशा चल रहा है सब्जी मंडी की दुकानों का निर्माण बहुत जरूरी है.परंतु नगर पालिका परिषद द्वारा इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसका खामियाजा फल सब्जी वालों को भुगतना पड़ रहा है.बाजार में सड़क के दोनों तरफ हाथ ठेले खड़े रहते हैं फुटपाथ पर भी सब्जी की दुकानें लगी रहती है.इससे रोजाना दुर्घटनाएं हो रही है वाहन चालक भी परेशान है.

## छोटू से मोहल्लावासी परेशान, कोतवाली में की शिकायत

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** कोतवाली थाना क्षेत्र के रीठाफाटक काछीकुआं में रहने वाली राधा रघुवंशी और अन्य लोगों ने आज कोतवाली थाने पहुंचकर लिखित शिकायत की. जिसमें बताया गया कि इसी क्षेत्र में रहने वाले छोटू रायकवार जो आदतन अपराधी है, नशा करता है, लोगों के साथ आए दिन विवाद करता है. लोगों के साथ गाली गलौज उन्हें प्रताड़ित किया जाता है.पूर्व में भी इसकी दो बार शिकायत की जा चुकी है. 1 साल के लिए उसे जेल भी भेजा गया था लेकिन उसकी आदतों में सुधार नहीं हो रहा है.रघुवंशी समाज के प्रतिनिधियों जिला अध्यक्ष के साथ महिलाएं और रहवासी कोतवाली थाने पहुंचे जिसमें बताया कि एक दिन पहले एसपी को भी लिखित शिकायत की गई थी.उस पर कोतवाली थाने को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था. इस संबंध में आज शिकायत कोतवाली में की वहीं कोतवाली टीआई में बताया कि उसके आपराधिक रिकॉर्ड देखे जा रहे हैं यदि आदतन अपराधी होगा तो उसे जिला बदर की कार्रवाई भी की जाएगी.

## ग्राम कूलन में बुजुर्ग की लाठी मारकर हत्या

**नवभारत न्यूज**

**परिजनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की**

**विदिशा,** करवाई के ग्राम उलन में रहने वाले अहिरवार परिवार ने एसपी कार्यालय में की शिकायत, 14 तारीख को उनके पिता अमर सिंह अहिरवार की जितेंद्र और उनके साथियों परिवार के सदस्यों द्वारा मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया. पुलिस द्वारा आरोपियों पर कार्रवाई न करने आरोपियों के नाम छोड़े जाने के भी आरोप लगाते हुए एसपी से कार्रवाई की मांग की.

## संगठन को सशक्त और मजबूत करने पर दिया जोर

**जिला केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक आहूत**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, स्थानीय होटल मे जिला मुख्यालय पर जिले के समस्त तहसील के पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई.जिसमें तहसील के केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ओर सचिव उपस्थित हुए.दिन प्रतिदिन दवा व्यवसाय संचालन मे आ रही नई नई जानकारी ओर अवेयरनेस से अवगत कराया.वहीं नई कार्यकारिणी गठन हेतु चर्चा की गई.बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ केमिस्ट एवं अध्यक्ष नरेंद्र दिवाकर, कुरवाई ने नये जिला अध्यक्ष ओर सचिव की गठन करने हेतु कहा गया. जिसमें नरेन्द्र दिवाकर ने अध्यक्ष के लिए चंद्रकांत जैन सी केमिस्ट के नाम का प्रस्ताव रखा गया.**

जिसे शमशाबाद, सिरोंज, गुलाबगंज ओर विदिशा के अध्यक्ष, सचिव ने नाम का समर्थन किया द्य गुलाबगंज के वरिष्ठ सदस्य एवं अध्यक्ष राजेंद्र सेठ ने सचिव हेतु नवलकिशोर शास्त्री के नाम की घोषणा की जिसे पूरे सदन ने समर्थन दिया.बैठक की अध्यक्षता कर रहे दिवाकर ने कहा कि जिले केमिस्ट एसोसिएशन की परम्परा रही है कि सर्वसम्मति से ही कार्यकारिणी का गठन करते है उसका सम्मान करते हुए सर्वसम्मति से अध्यक्ष, सचिव का चयन किया है ओर वे ही अन्य पदाधिकारियों का चयन जिले भर से स्वतंत्र रूप से कर सकेंगे.दोनों पदाधिकारियों ने सदन का आभार व्यक्त करते हुए आगामी 15मार्च को एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी जिसे प्रशासन ओर ड्रग विभाग द्वारा प्रदेश स्तर पर दी जा रही जानकारी से अवगत कराया जायेगा.इस अवसर पर लटेरी, सिरोंज, शमशावाद, विदिशा, गुलाबगंज, ग्यारसपुर के पदाधिकारी उपस्थित थे.जिला कोषाध्यक्ष इंद्रजीत सोनी ने जानकारी प्रेषित की ओर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ओर मजबूत ओर सशक्त होगा. जिले के समस्त दवा विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे पदाधिकारियों ने बधाई दी.

## मनाया इन्द्रेश कुमार का जन्मोत्सव

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** मंगलवार शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्रीय कार्य कारिणी सदस्य वरिष्ठ प्रचारक व मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक डॉ. इंद्रेश कुमार के जन्मदिन पर उनके लिए व विकसित भारत के नवनिर्माण ,वतन में अमन चैन शांति के लिए खास अंदाज में दुआ मांगी गई.मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने शहंशाह ए मालवा हजरत पीर फतह उल्लाह शाह चिश्ती (रह.) की विश्व प्रसिद्ध दरगाह रायसेन शरीफ में चादर पेश कर उनकी लंबी उम्र की दुआ की. डॉ. इंद्रेश कुमार देश में राष्ट्रीय एकता सौहार्द और राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने वाली शख्सियत हैं.

## रहमतों और बरकतों का महीना रमजान आज से शुरू

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 17 फरवरी, मुस्लिम धर्माबिलंबीयों का त्योहार रमजान रहमतों और बरकतों का महीना आज शुरू होगा. इस महीने का सभी को बेसब्री से इंतजार रहता है। बुराइयों से तौबा कर खुदा की इबादत करने का माह रमजान का मुस्लिमों में खास महत्व है. आसमान पर रमजान का चांद मँगलवार को नजर आते ही समस्त मस्जिदों में तराबियों का दौर शुरू गया,और बुधवार को पहला रोज़ा शुरू हुआ.**

मुस्लिम त्यौहार कमेटी के जिला अध्यक्ष मुआज़ मेहमूद कामिल ने बताया रमाजन का महीना बेहद पाक और रहमतों वाला होता है रमजान में एक नेकी का सवाब सत्तर गुना बढ़ा दिया जाता है नफिल इबादत का सवाब फर्ज के बराबर मिलता है. रमजान में शयातीनों को खुदा कैद कर देता है, ताकि लोग आसानी के साथ रोजा रख सकें,तरावीह अदा कर सके, और कुरआन पाक की तिलावत,जिक्र आदि इबादत के काम को अंजाम दे सकें.रमजान का महीना 29 या 30 दिन का होता है, जो चांद दिखने के साथ शुरू होता है अगला चांद दिखने के बाद दूसरे दिन ईद मनाई जाती है.

## जेईई मेन-2026 में विजेंद्र सिंह अकादमी का शानदार प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** एनटीए द्वारा आयोजित जेईई जनवरी सत्र का परिणाम आज घोषित कर दिया गया है.परिणाम जारी होते ही विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला.विदिशा की सबसे विश्वसनीय शैक्षणिक संस्था विजेंद्र सिंह अकादमी ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी गुणवत्ता को सिद्ध किया है.अकादमी से 30 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हसिल की है.सफल छात्रों में देव साहू 99.75 प्रतिशत, सहज प्रजापति 99.20 प्रतिशत,राज लोधी 99.00 प्रतिशत, सौम्या गुप्ता 98.86 प्रतिशत, नितिन साहू 98.83 प्रतिशत,कुशाग्र पाल 98.22 प्रतिशत, आर्यन तिवारी 98.10 प्रतिशत, अर्थ जैन 97.74 प्रतिशत, संयम जैन 96.85 प्रतिशत,अतेंद्र चौरसिया 96.40 प्रतिशत, सुभिक्षा यादव 96.20 प्रतिशत, उपलक्ष्य किरार 95.86 प्रतिशत, मिलर शर्मा–95.63 प्रतिशत, मयंक परमार 95.18, कृष्णा कुशवाह 94.17 प्रतिशत, नैतिक शर्मा 93.21 प्रतिशत हैं.संस्था के संचालक एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.लगातार बेहतर परिणामों के साथ विजेंद्र सिंह अकादमी ने एक बार फिर यह साबित किया है कि समर्पित मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है.

## शराब के नशे में सुपरवाइजर

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** विदिशा के लटेरी में सांची दुग्ध समिति की बैठक आयोजित की जा रही थी, जिसमे जिले के कई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद थे, इस बैठक में दुग्ध संघ के सुपरवाइजर शराब के नशे में झूमते नजर आए. मयार्दा का उल्लंघन सरकारी या अर्ध-सरकारी बैठकों की अपनी एक गरिमा होती है. नशे की हालत में वहां मौजूद होना काम के प्रति घोर लापरवाही को दशार्ता है. अधिकारियों की मौजूदगी यह और भी चौंकाने वाला है कि बड़े अधिकारियों के सामने कोई कर्मचारी ऐसी हिम्मत कैसे कर सकता है. इससे स्थानीय प्रशासन के डर या अनुशासन की कमी का भी पता चलता है. संभावित कार्रवाई आमतौर पर ऐसी घटनाओं के बाद संबंधित कर्मचारी को निलंबित किया जाता है और विभागीय जाँच बिठाई जाती है.

## पेन एक सुरक्षित हथियार की तरह कार्य करता-शर्मा

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, स्थानीय सेंट मैरी पीजी कॉलेज विदिशा की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में संस्था संचालक फादर सिंटो के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा एवं कैंसर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

जिसके मुख्य वक्ता सिद्धार्थ गौतम ग्रीन सर्किल ग्रुप लीडर एवं भूपेंद्र शर्मा ट्रैफिक पुलिस जिला पुलिस रहे. इस आत्म सुरक्षा कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर धीरेंद्र शंकर सचान ने इस तरह के कार्यक्रम द्वारा महिलाओं में आत्म सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता के प्रशंसा की. सिद्धार्थ द्वारा प्लास्टिक, नशा करने, पानी की बोटल,पॉलिथीन में चाय के उपयोग से कैसे कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी होती है. दिन प्रतिदिन बढ़ रही है के विषएक पेन महिलाओं के लिए सुरक्षित हथियार कैसे बन सकता है इसका स्टेप वाइज एक्शन करके बताया गया. कार्यक्रम का संचालन प्रो दीपा राठौर कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई एवं आभार प्रो अरविंद द्विवेदी द्वारा ज्ञापित किया गया. इस अवसर पर सिस्टर प्रभावती, प्रो बघेल, प्रो ममता कौशिक ,डॉ गिरीश सुर्जन प्रो सचिन अग्रवाल ,प्रो राजेश ,प्रो अजय सिंह, डॉ दिनेश, प्रो मनीष आचार्य, संदीप ,मोहित आदि सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.




## मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना अंतर्गत 254 सड़कों का होगा अनुमोदन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,जिला पंचायत में आज 18 फरवरी को आयोजित सामान्य सभा की बैठक में मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना अंतर्गत जिले की कुल 254 सड़कों का अनुमोदन किया जाएगा.सामान्य सभा की बैठक में विकासखण्डवार अनुमोदन होगा.जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी ने बताया कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में मजरा-टोला को मुख्य मार्गों से जोड़ने, आवागमन सुविधा बढ़ाने तथा विकास को गति देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण है.**

विकासखण्डवार सड़कों की संख्या इस प्रकार है बासौदा 30, ग्यारसपुर 27,कुरवाई 25,लटेरी 53,नटेरन 32,सिरोंज 53,विदिशा 21,कुल 254 है.श्रीमती रघुवंशी ने बताया कि सबसे अधिक सड़कें सिरोंज एवं लटेरी विकासखण्ड में (53-53) तथा सबसे कम सड़कें विदिशा विकासखण्ड में (21) प्रस्तावित हैं.उन्होंने कहा कि इन सड़कों के अनुमोदन के बाद निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने की दिशा में जिला पंचायत द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी, जिससे ग्रामीणजन को सुगम आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बाजार तक पहुंच में सुविधा मिलेगी.

## अरेरा हॉस्पिटल में लगा नि :शुल्क चिकित्सा शिविर

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** अरेरा हॉस्पिटल रायपुर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रकार की बीमारियों का निशुल्क परीक्षण किया गया सभी प्रकार की जांचों पर 40 प्रतिशत की छूट दी गई शिविर में इन डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान की.डायरेक्टर डॉक्टर अंकित शर्मा, हड्डी रोगविशेषज्ञ,डॉ अमन अग्रवाल, यूरोलॉजिस्ट, डॉ आलेख जैन, जनरल सर्जन, डॉ मोहित जैन, कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ गजेंद्र बघेल, जनरल फिजिशियन,डॉ चर्चित बंसल, हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ श्रेया बंसल, स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ इंद्रजीत रघुवंशी, ओरल एवं मैक्सिलो फेशियल सर्जन,शिविर में लगभग 70 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया शिविर के समापन पर हॉस्पिटल मैनेजमेंट से डॉक्टर मयंक रघुवंशी, डॉक्टर दिग्विजय रघुवंशी, डॉक्टर रिंकेश गोस्वामी, मैनेजर पहलवान सिंह रघुवंशी, डिप्टी मैनेजर चंद्रकांत तिवारी, सुपरवाइजर घनश्याम पचौरी, डिप्टी मैनेजर अनुराग रघुवंशी, फार्मासिस्ट कमलेश शर्मा,आयुष्मान मित्र अमित रघुवंशी ने आभार व्यक्त किया.



**आयोजन** | **खाटू श्याम का पंचम फाग महोत्सव 1 मार्च को**

## दिखेगी वृंदावन-मथुरा की होली की झलक

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, फाल्गुन की पंचमी पर नगर में श्याम भक्ति के साथ ब्रज की होली के रंग घुलेंगे। 1 मार्च, रविवार को श्री रामदेव बाबा एवं श्री खाटू श्याम जी मंदिर परिसर, एकता चौक (मील रोड) पर पंचम फाग महोत्सव के आयोजन की तैयारियां जोर-जोर से प्रारंभ हो गई हैं. होली का यह उत्सव 1 मार्च को शाम सायं 7.15 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा. महोत्सव में भजन-कीर्तन, फाग गीत और गुलाल के साथ श्रद्धालु वृंदावन-मथुरा की होली जैसा भक्तिमय वातावरण भक्तों को दिखाई देगा.मंदिर के संस्थापक और महोत्सव की आयोजक पं. वीरेन्द्र दुबे के सान्निध्य में भजन प्रवाहिका श्वेता अग्रवाल (झारखंड) एवं भजन प्रवाहक प्रकाश मिश्रा (कोलकाता) ब्रज की होली, श्याम भक्ति और फाग पर आधारित भजनों की प्रस्तुति देंगे जिसमें भक्ति भाव से विभोर होकर श्रद्धालु स्वयं को वृंदावन-मथुरा की गलियों में होली खेलते अनुभव कर सकेंगें.**



आयोजकों के अनुसार महोत्सव में फाग गीतों के माध्यम से राधा-कृष्ण की लीलाओं, वृंदावन की फुलेरा दूज और मथुरा की होली के भावों को मंच पर साकार किया जाएगा.श्याम प्रभु को नीले पर विराजमान कर रंग-गुलाल अर्पित किए जाएंगे.संकीर्तन के दौरान भक्त एक-दूसरे को गुलाल लगाकर श्याम नाम का संकीर्तन करेंगे, जिससे ब्रज की होली की झलक नगर में दिखाई देगी. मंदिर परिसर को फूलों, रंगीन कपड़ों और प्रकाश से सजाया जाएगा. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैठक व्यवस्था, ध्वनि-प्रकाश व्यवस्था तथा प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है. आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है.समिति ने नगरवासियों से परिवार सहित समय पर पहुंचकर पंचम फाग महोत्सव में शामिल होने और ब्रज की होली के भावों के साथ श्याम भक्ति में रंगने की अपील की है.

## 2 सालों के दौरान करीब 24 करोड़ रुपए का भुगतान अटका

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** विदिशा के हिनोतिया से कुरवाई के मलवा चौराहे तक बनाई जा रही हाईवे रोड के निर्माण में जुटे साथ ठेकेदारों में कलेक्टर के नाम लिखित ज्ञापन दिया. एसपी को भी एक ज्ञापन देने के साथ उन्होंने काम का ठेका लेने वाली कंपनी द्वारा जमीनी तौर पर काम करने वाले ठेकेदारों को पेमेंट न करने की शिकायत की. उन्होंने बताया कि 2 सालों के दौरान तकरीबन 24 करोड रुपए का भुगतान जो शासन से नहीं के माध्यम से कंपनी को किया जा चुका है. लेकिन काम करने वाले ठेकेदारों कर्मचारी मजदूर को नहीं किया जा रहा उनके खाने के लाले पड़े हैं. बताया गया कि हिनौती से कुरवाई के मलवा चौराहे तक बन रही सड़क का ठेकेदारों को नहीं हुआ भुगतान कंपनी द्वारा प्रशासन से भुगतान लेने के बाद भी ठेकेदारों को नहीं किया जा रहा पेमेंट.

## महाविद्यालय की प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**एलबीएस कॉलेज में वार्षिक उत्सव, पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न**

**विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति**



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, स्थानीय शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में मंगलवार को वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया. वार्षिक उत्सव में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई.**

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने महाविद्यालय में हुए विकास कार्यों सहित विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में बताया. इस मौके पर एलबीएस महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव की मौजूदगी में महाविद्यालय में वर्ष भर में आयोजित हुई विभिन्न सांस्कृतिक, खेल कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया. साथ ही ऑल इंडिया कुश्ती प्रतियोगिता में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले महाविद्यालय के विद्यार्थी बंटी गुर्जर, नरेश अहिरवार एवं काजल सोनी को भी सम्मानित किया गया. इस दौरान महाविद्यालयीन स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे.